हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 5 अप्रैल 2026
[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

4 घरघोड़ा में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में सैकड़ों हितग्राही हुए लाभान्वित




## खबर संक्षेप

### 6 को नगरदा में होगा जनसमस्या निवारण शिविर

**सारंगढ़।** बिलाईगढ़ ब्लॉक के ग्राम नगरदा के हाईस्कूल में अनुविभाग स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन 06 अप्रैल को किया जाएगा। शिविर में एसडीएम बिलाईगढ़ द्वारा आम जनता की मांग. शिकायत संबंधी आवेदन लेकर शीघ्र निराकरण किए जाएंगे। शिविर में सभी विभागों के जिला या अनुविभाग स्तर के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### 10 तक लिए जाएंगे ऑनलाईन आवेदन

**सारंगढ़।** भारतीय थल सेना द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के अविवाहित उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर सैनिक के विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाईन पंजीयन व आवेदन आमंत्रित की गई है। भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवार अब 10 अप्रैल 2026 तक थलसेना के वेबसाईट ज्वाइन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन के माध्यम से ऑनलाईन पंजीयन व आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। अग्निवीर सैनिक भर्ती अंतर्गत जनरल ड्यूटी तकनीकी, ऑफिस असिस्टेंट, ट्रेडमैन, महिला सैन्य पुलिस एवं नियमित कैडर भर्ती, धर्म गुरूए नर्सिंग सहयोगी तथा हवलदार एसएसी के पदों भर्ती की जाएगी।

### 10 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त, गिरफ्तार



**रायगढ़।** आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 3 अप्रैल को आबकारी वृत्त खरसिया क्षेत्र में अवैध महुआ शराब की सूचना पर छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान टीम ने कुल 10 लीटर महुआ शराब जब्त कीए जिसकी अनुमानित कीमत 2000 रुपए है। यह शराब आरोपी प्रकाश भारद्वाज, उम्र 26 वर्ष निवासी चारपारा, थाना खरसिया के कब्जे से बरामद की गई। आबकारी विभाग ने आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34,2 एवं 59,क के तहत प्रकरण दर्ज किया है। कार्रवाई के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। आबकारी अधिकारी ने बताया कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

### अवैध परिवहन में लगे तीन वाहनों को किया जब्त



**सक्ती।** रात में दबिश देकर संयुक्त टीम ने रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन कार्य में लगे तीन वाहनों को जब्त किया है। मामला हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम करही का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सक्ती के मार्गदर्शन में तहसील हसौद अंतर्गत ग्राम करही में रात्रि लगभग 10 बजे कार्यवाही करते हुए अवैध रेत परिवहन में संलिप्त एक हाइवा और एक ट्रैक्टर-लोडर को मौके से जब्त किया गया। यह कार्यवाही खनिज एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई। उक्त प्रकरण में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 तथा खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 के तहत नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री तोपनो के निर्देशन में जिले में अवैध खनिज गतिविधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है। इधर कार्रवाई होने से खनिज माफियाओं में हडकंप मचा हुआ है।

## सर्वे पूरा होने के बाद किसानों की बनी सूची, आपसी सहमति से ही जमीन लेने की हो रही है कवायद

# रिंग रोड के लिए 29.94 हेक्टेयर जमीन का होगा अधिग्रहण, अभी तय नहीं कैसे लेंगे किसानों से भूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**खास बात**

- 20 किमी रिंग रोड में 10 गांव होंगे प्रभावित, सबसे ज्यादा रायगढ़ ब्लॉक के गांव हैं शामिल

सर्वे पूरा होने के बाद रिंग रोड में कितनी जमीन अधिग्रहण करना पड़ेगा यह साफ हो गया है। इसमें 10 गांवों का 29.94 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहण होगा। हालांकि यह अभी तय नहीं है कि किसानों से जमीन कैसे लेंगे। अधिग्रहण से या आपसी सहमति से। दोनों ही प्रक्रिया में किसानों को लाखों का मुआवजा देना पड़ेगा। करीब 20 किमी बनने वाली रिंग रोड के लिए प्रारंभिक धारा का प्रकाशन भी हो चुका है। ऐसे में जल्द ही जमीन लेने की प्रक्रिया चालू होगी। दूसरी ओर इस प्रोजेक्ट के लिए पीडब्ल्यूडी की ओर से एलाइनमेंट पहले ही फाइनल हो चुका है। अब ग्राम वार खसरा नंबर और रकबा भी तय हो गया है। किसानों को नए रेट में ही मुआवजा मिलेगा इस तरह की जानकारी मिल रही है।



रिंग रोड में सबसे अधिक रायगढ़ ब्लॉक के करीब सात गांव प्रभावित होंगे। वहीं पुसौर तहसील के तीन गांव इसके जद में आ रहे हैं। इसमें पुसौर तहसील के मिड़मिड़ा, डूमरपाली और नवापाली शामिल हैं। इसी तरह रायगढ़ तहसील के भेलवांटिकरा, रेगड़ा, भिखारीमाल, गोपालपुर, पंडरीपानी, जुर्डा और टारपाली शामिल है। इन गांवों में 29.94 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहण किया जाएगा। रिंग रोड के जद में आ रही बाकी जमीनें सरकारी होने की बात कही जा रही है। उसका अधिग्रहण की कोई प्रक्रिया की जरुरत नहीं है। निजी जमीन के लिए ही अधिग्रहण की प्रक्रिया अपनाई जाती है। जानकारी मिली है कि रिंग रोड प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करने के लिए किसानों से आपसी सहमति से जमीन लेने की तैयारी हो रही है। इससे समय की बचत होगी और प्रोजेक्ट समय पर चालू होगा।

**चालू हो गई है जमीन की दलाली**

इन गांवों में पहले ही खरीदी –बिक्री पर रोक लगा दी गई थी। सर्वे पूरा होने के बाद हटा दी गई है। खास बात यह है कि अब इस प्रोजेक्ट में भी जमीन दलालों की एंट्री हो गई है। जमीन दलाल गांव-गांव जाकर किसानों से संपर्क कर रहे हैं। ऐसे हालात में किसान भी अजमंजस की स्थिति में हैं। गोपालपुर, टारपाली और भिखारीमाल में सुबह से ही दलाल पहुंच जा रहे हैं।

**कौन गांव में कितनी जमीन**

| गांव | जमीन प्रस्तावित (हे.) |
|---|---|
| टारपाली | 1.79 |
| डूमरमुड़ा | 1.74 |
| मिड़मिड़ा | 1.22 |
| नावापाली | 3.15 |
| जुर्डा | 3.71 |
| पंडरीपानी | 6.46 |
| गोपालपुर | 4.38 |
| भिखारीमाल | 0.10 |
| रेगड़ा | 4.19 |
| भेलवांटिकरा | 3.17 |

### आपत्तिजनक पोस्ट कर पैसो की मांग, दो गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक पोस्ट कर रुपए की मांग करने वाले दो आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। मामला नैला चौकी के ग्राम पाली का है। इस संबंध में नैला पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की उसकी लड़की से आरोपियों के द्वारा दोस्ती कर प्रेम जाल में फंसा कर दिसंबर 2025 से उसका अश्लील फोटो वीडियो को प्रार्थी तथा उसके रिश्तेदार परिवार के लोगों को इंस्टाग्राम में अलग-अलग आईडी से मैसेज कर रहे हैं। इसके साथ ही 70 हजार की मांग कर रहे है और पैसा नहीं देने पर उसकी लड़की का फोटो वायरल करने की धमकी लगातार दे रहे थे। प्रार्थी की रिपोर्ट पर इंस्टाग्राम धारकों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मोबाइल नंबर के धारक की पहचान प्रेम कुमार सूर्यवंशी और शिवम भवानी दोनों निवासी पाली नैला के रूप में हुई। थाना कोतवाली से एक टीम ग्राम पाली नैला की ओर रवाना किया गया जो पुलिस टीम के द्वारा अलग-अलग स्थान से दोनों आरोपियों को पकड़ा गया।

## उत्कल समाज की बहु उपयोगी पत्रिका सुविधा का विमोचन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

उत्कल सांस्कृतिक सेवा समिति की पत्रिका सुविधा का विमोचन हुआ है। यह पत्रिका सभी के लिये अत्यंत बहु उपयोगी तथा समाज की कई महत्वपूर्ण जानकारीयां प्रदान करने वाली पत्रिका है एजिसकी प्रत्येक उत्कली परिवार में एक एक प्रति का होना आवश्यक है।18 वर्ष के लंबे अंतराल के पश्चात उत्कल सांस्कृतिक सेवा समिति की यह बहुप्रतिक्षित पत्रिका सुविधा के तृतीय संस्करण का विमोचन गत 1 अप्रैल को उडिसा राज्य की स्थापना दिवस के अवसर पर सीएम विष्णुदेव साय, रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा, झारसुगड़ा के विधायक टंकधर त्रिपाठी, महापौर जीवर्धन चौहान तथा उत्कल सांस्कृतिक सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ प्रकाश मिश्रा सहित अन्य अतिथियों द्वारा किया गया। उल्लेखनीय हैं कि यह पत्रिका इसके पूर्व समिति द्वारा 2008 में प्रकाशित किया गया था।

# सामान रखकर ग्रामीणों को देता था 3 फीसदी ब्याज में पैसे, रकम लौटाने के लिए करता था प्रताड़ित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लैलूंगा पुलिस ने ग्रामीणों को ऊंचे ब्याज पर रकम देकर प्रताड़ित करने वाले ग्राम भकुर्रा निवासी चूड़ामणी गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी द्वारा ग्रामीणों को 3 फीसदी मासिक ब्याज पर उधार रकम देता था और बदले में मोटरसाइकिल और अन्य कीमती सामान गिरवी रखता था।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 8 मोटरसाइकिल और हिसाब.किताब से संबंधित एक रजिस्टर जब्त किया है। थाना साइबर निरीक्षक और पुलिस टीम को ग्राम भकुर्रा निवासी चूड़ामणि गुप्ता के पास काफी संख्या में मोटरसाइकिल रखने की जानकारी मिली। साइबर थाना और लैलूंगा पुलिस की संयुक्त टीम ने चूड़ामणि गुप्ता को हिरासत में लिया। उसके कब्जे से 8 मोटरसाइकिल और एक रजिस्टर बरामद हुआ, जिसमें बाइक और अन्य सामान गिरवी रखने के संबंध में लिखापढ़ी दर्ज थी। पूछताछ में आरोपी ने ग्रामीणों को 3 प्रतिशत ब्याज पर रकम उधार देना स्वीकार किया। आरोपी रकम के बदले लोगों की मोटरसाइकिल और अन्य कीमती सामान गिरवी रखता था तथा बाद में उन्हें जल्दी रकम लौटाने का दबाव बनाकर प्रताड़ित करता था। ग्राम भकुर्रा निवासी शिकायतकर्ता रामप्रसाद रतिया पिता चेतराम 55 ने पुलिस को बताया कि वह खेती.किसानी का काम करता है। फसल खराब होने और आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उसे घर बनाने के लिए पैसों की जरूरत थी। वह चूड़ामणि से 9 सितंबर 2024 को 12 हजार उधार लिए थे। इसके बदले उसने अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी.13 वाई 0279 गिरवी रखी थी। आरोपी ने 3 प्रतिशत मासिक ब्याज की दर पर रकम दी थी और मूलधन व ब्याज चुकाने के बाद बाइक वापस करने की बात कही थी। उसने कई महीनों तक ब्याज की रकम जमा की, लेकिन आरोपी लगातार मूलधन और ब्याज की रकम वसूलने के लिए गांव खेत और आसपास के क्षेत्रों में उसका पीछा कर प्रताड़ित करता था। आरोपी गांव के अन्य लोगों को भी इसी तरह ब्याज पर रकम देकर प्रताड़ित करता था। पुलिस ने आरोपी चूड़ामणि गुप्ता 39 के विरुद्ध धारा 4 छत्तीसगढ़ ऋणियों के संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।



# 9 खरीददरों के साथ आरोपी गिरफ्तार, 21 बाइक बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



पेशे से ड्राइवर और गाड़ियों की मरम्मत करने वाले दो आरोपी मोटर साइकिल चोरी को अंजाम देते थे। दोनों हमेशा औजार लेकर चलते थे और जहां देखी सुनसान में बाइक लॉक तोड़कर पार करते थे। चोरी के बाद मोटरसाइकिलों को सुनसान स्थानों पर छिपाकर रखते और बाद में सस्ते दामों में बेच देते थे। इसी तरह छत्तीसगढ़ और ओड़िशा से मोटर साइकिल चोरी करने वाले अंतरराज्यीय चोरी को खुलासा हुआ है। इस मामले में मुख्य आरोपी के साथ 9 खरीददार को जहां गिरफ्तार किया गया है।

वहीं 21 माटर साइकिल बरामद किया गया है। पुलिस टीम ने मुख्य आरोपी सुखदेव चौहान को गिरफ्तार किया है और उसका साथी शिव नागवंशी फरार है। बरामद 21 मोटरसाइकिलों की बाजार कीमत करीब 15 लाख आंकी गई है। पुलिस द्वारा संगठित रूप से बाइक चोरी करने वालों पर निगरानी रखी जा रही थी। इसी दौरान लैलूंगा थाना क्षेत्र के ग्राम धौराडांड निवासी सुखदेव चौहान और किलकिला निवासी शिव नागवंशी मिलकर पूंजीपथरा, धरमजयगढ़ और ओड़िशा के भीड़-भाड़ वाले इलाकों से बाइक चोरी कर सस्ते दामों में बेचने की सूचना मिली।

पुलिस की संयुक्त टीम बनाई गई और ग्राम धौराडांड निवासी सुखदेव चौहान को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उसने अपने साथी शिव नागवंशी के साथ मिलकर बाइक चोरी करना और उन्हें बेचने की बात स्वीकार की। आरोपी सुखदेव चौहान ने बताया कि उसने चोरी की मोटरसाइकिलें कार्तिक राम डूंगडूंग, रामकुमार वैष्णव, केशव यादव, भोजराम पैंकरा, जगदीश पैंकरा, शिवचरण चौहान, सुखचरण चौहान, अमित कुमार नागवंशी और शिवप्रसाद विश्वकर्मा को बेची थीं। पुलिस ने इन सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 14 मोटरसाइकिल बरामद की। वहीं आरोपी सुखदेव चौहान द्वारा अपने बाड़ी में छिपाकर रखी गई 7 अन्य मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। आरोपियों द्वारा संगठित रूप से बाइक चोरी करना स्वीकार किए जाने पर प्रकरण में धारा 112,1 बीएनएस जोड़ी गई है। वहीं चोरी की संपत्ति खरीदने वाले आरोपियों के विरुद्ध धारा 317,2,317,4 के तहत कार्रवाई की गई है।

# शिक्षा विभाग पर भरोसा नहीं, नोडल अधिकारी को ही देंगे प्रश्न पत्र

**रायगढ़।** 12वीं के हिन्दी विषय का पर्चा लीक होने के बाद 10 अप्रैल को दोबारा परीक्षा होगी। इसके लिए जिला प्रशासन के एक अधिकारी को नोडल बनाया गया है। नोडल को ही हिन्दी के प्रश्न पत्र दिए जाएंगे। नोडल ही रायपुर से जीपीएस लगे कंटेनर में गोपनीय सामग्री लेकर यहां आएंगे। 6 अप्रैल को गोपनीय सामग्री आने के बाद 8 को इसका वितरण होगा। परीक्षा के एक घंटे पहले थाने से प्रश्नपत्र रिलीज किया जाएगा। इस परीक्षा के लिए शनिवार को केंद्राध्यक्षों को ट्रेनिंग दी गई है।

माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2026 के अंतर्गत कक्षा 12वीं की हिन्दी विशिष्ट विषय की 23 मार्च को संपन्न हुई परीक्षा को मंडल द्वारा निरस्त कर दिया गया है। अब यह परीक्षा पुनः 10 अप्रैल को जिले के सभी निर्धारित परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सुचारू, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज रायगढ़ जिले के सृजन सभा कक्ष में सभी 100 परीक्षा केंद्रों के लिए नियुक्त केंद्राध्यक्षों का एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर धनराज मरकाम ने केंद्राध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि मंडल द्वारा जारी नवीन दिशा.निर्देशों का प्रत्येक परीक्षा केंद्र में कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा की विश्वसनीयता और गोपनीयता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता हैए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ज्ञात हो कि कक्षा 12वीं हिंदी विशिष्ट विषय की परीक्षा 23 मार्च 026 को आयोजित की गई थी, जिसे मंडल द्वारा तकनीकी प्रशासनिक कारणों से निरस्त कर दिया गया। अब यह परीक्षा पुनः 10 अप्रैल को आयोजित की जाएगी।



## शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय में हुआ ऐतिहासिक स्वागत

# नव ऊर्जा, नव संकल्प के साथ कुलपति प्रो. चौहान ने संभाली कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय आज एक ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनाए जब नव नियुक्त कुलपति प्रोण विनय चौहान ने अपने पद का विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। उनके आगमन के साथ ही विश्वविद्यालय परिसर उत्साह, उमंग और उल्लास से भर उठा। जैसे ही कुलपति का वाहन परिसर में पहुंचाए ढोल.ताशों की गूंज और अधिकारियों एवं कर्मचारियों के आत्मीय स्वागत ने यह स्पष्ट कर दिया कि विश्वविद्यालय परिवार को अपने नए नेतृत्व से बड़ी अपेक्षाएं हैं। इस अवसर पर कुलपति ने विधि-विधान से हवन.पूजन कर नंदकुमार पटेल की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके पश्चात विश्वविद्यालय के सभाकक्ष में एक गरिमामय स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। इस दौरान छत्तीसगढ़ का राजगीत एवं विश्वविद्यालय का कुलगीत प्रस्तुत किया गया। स्वागत उद्बोधन में कुलसचिव डॉ. तरुण धर दीवान ने कुलपति प्रो.चौहान के व्यक्तित्व को विद्वत्ता, अनुशासन और पारदर्शिता का अद्वितीय संगम बताया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय शैक्षणिक उत्कृष्टता के नए आयाम स्थापित करेगा और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान को और सुदृढ़ करेगा। अपने प्रथम उद्बोधन में कुलपति प्रो. विनय चौहान ने भावुकता एवं दृढ़ संकल्प के साथ कहा कि यह दायित्व उनके लिए केवल प्रशासनिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि शिक्षा के माध्यम से समाज निर्माण का पवित्र संकल्प है। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध में नवाचार, डिजिटल सशक्तिकरण, विद्यार्थी केंद्रित गतिविधियां तथा पारदर्शी प्रशासन को अपनी प्रमुख प्राथमिकताएं बताया। साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सामूहिक प्रयास और सकारात्मक सोच के साथ विश्वविद्यालय को उत्कृष्टता के शिखर तक पहुँचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. रवीन्द्र कौर चौबे द्वारा किया गया, जबकि आभार प्रदर्शन सुनील अग्रवाल ने किया।






**कुलपति प्रो. विनय चौहान उपलब्धियां और अनुभव**

कुलपति प्रो. विनय चौहान एक प्रख्यात शिक्षाविद् एवं कुशल प्रशासक हैं। उन्होंने जम्मू विश्वविद्यालय में प्रबंधन विषय के प्रोफेसर के रूप में महत्वपूर्ण सेवाएं दी हैं। इसके साथ ही वे डायरेक्टर, बिजनेस स्कूल एवं डीन, प्लानिंग एंड डेवलपमेंट जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं। उन्होंने एनएएसी की पीयर टीम में सदस्य एवं अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हुए उच्च शिक्षा संस्थानों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। साथ ही, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन में भी उनकी सक्रिय भूमिका रही है। प्रो. चौहान का अनुभव शैक्षणिक संस्थानों तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्होंने भारत सरकार की विभिन्न परियोजनाओं में सहभागिता करते हुए विश्वविद्यालयों एवं राज्य शिक्षा मंडलों के साथ समन्वय स्थापित कर शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

## खबर संक्षेप

### पुसौर थाने का कमान मिला हर्षवर्धन को



**पुसौर।** 140 गांव के थाना मुख्यालय पुसौर में बीते महीने पदस्थ टीआई मोहन भारद्वाज का स्थानांतरण हो गया है। उनके स्थान पर हर्षवर्धन सिंह को पुसौर थाने का कमान सौंपा गया है। पत्रकारों ने नव पदस्थ टीआई से मुलाकात की। इस दौरान टीआई मोहन भारद्वाज भी मौजूद रहे, रहे जिन्हें 22 लाख साईबर क्राईम के आरोपियों को गिरफ्त में लेने के लिए शुभकामनाएं दी। नव पदस्थ टीआई हर्षवर्धन सिंह से मुखातिब होकर थाना क्षेत्र में बढ़ते अपराध को कम करने के लिए सुझाव दिए। ज्ञात हो कि इन दिनों पुसौर क्षेत्र में सरकारी राशन दुकानों में लगातार चोरियां हो रही है। साथ किसानों के खेत में रहे बोर पंपों से केबल चोरियां हो रहे हैं।

### 331 आंबा केन्द्रों के लिए एक ही जगह बन रहा पोषण आहार, समूहों में आक्रोश




**पुसौर।** पुसौर एकीकृत महिला एवं बाल विकास परियोजना अंतर्गत 331 आंगनबाडी केन्द्रों के बच्चे तथा संबंधित क्षेत्र के शिशुवती एवं गर्भवती माताओं के लिए पुरक पोषण आहार का निर्माण शासन द्वारा पुसौर क्षेत्र के सरस्वती महिला समूह से कराये जाने की खबर प्रकाश में आया है जो पुसौर के 11 सेक्टर अंतर्गत रहे सभी केन्द्रों के बच्चों एवं अन्य लोगों को पुरक पोषण वितरीत करेंगे। जानकारी के मुताबिक अप्रेल से इसकी शुरूआत हो चुकी है। ज्ञात हो कि कुछ वर्ष पुसौर के 11 सेक्टर में रहे महिला समूहों द्वारा अलग अलग खाद्यान्न निर्माण कराया जाकर वे अपने अपने क्षेत्र में वितरण करते थे जिससे उन्हें वितरण करने के नाम पर राशि मिलती थी जो काफी नहीं था लेकिन उनका रोजमर्रा चल रहा था। कुछ साल बाद उक्त खाद्यान्न का निर्माण शासन स्तर पर हुई। जिसे उक्त महिला समूह रायगढ़ से लाकर अपने अपने क्षेत्र में वितरीत करते थे और अब एक ही महिला समूह को समूचे ब्लाक के लिए खाद्यान्न निर्माण कर उसे वितरीत करने का कार्यभार है। मालूम हो कि जब प्रत्येक सेक्टर के लिए अलग अलग खाद्यान्न निर्माण करने वाले महिला समूह के खाद्यान्न के गुणवत्ता वितरण पर आये दिन सवाल उठ रहे थे तो एक ही महिला समूह के द्वारा इतनी बडी जिम्मेदारी कैसे संपन्न होगा ? इस पर सवाल उठ रहे हैं। यहां लोगों द्वारा यह भी सवाल उठाया जा रहा है कि शासन महिला समूहों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ साथ उनके जीवन स्तर को उंचा उठाने के लिए वचनबद्ध है इसके बावजुद भी 11 महिला समूह के काम को समेट कर एक ही महिला समूह को दे दिया गया है ऐसे स्थिति में इन महिला समूहों द्वारा रोष प्रकट किया जा रहा है। इस संबंध में पुसौर के परियोजना अधिकारी से संपर्क नहीं हो सका।

### गांव का सरकारी स्कूल बना मिशाल, बच्चों एवं शिक्षकों ने सीमित संसाधनों में रचा इतिहास

**रायगढ़।** कहते हैं अगर लगन सच्ची हो और जुनून गहरा हो तो गांव की मिट्टी से प्रतिभा की ऐसी खूशबू उठती है जो पूरे देश में फैल जाती है ऐसी प्रेरणादायक कहानी मिलेंगे ग्राम भेंगारी के टिकेश्वर पटेल जिन्होंने अपनी मेहनत, लगन और समर्पण के दम पर न केवल क्षेत्र में नाम रोशन किया है बल्कि छत्तीसगढ़ के शिक्षा विभाग के लिए एक नई इबारत लिखने का भी काम किया है। हाल ही में पिछले वर्ष शिक्षक पटेल ने नवोदय विद्यालय सैनिक स्कूल, जवाहर उत्कर्ष एकलव्य जैसे चुनिंदा स्कूलों 25 से 30 छात्रों का चयन कराकर इतिहास रच दिया था। जिसके फल स्वरुप पिछले वर्ष 102 छात्रों का अभी तक नवोदय में चयन होने पर राज्य के सबसे बड़े शिक्षक सम्मान राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित हुए थे। वह क्षेत्र के लिए एवं शिक्षा विभाग के लिए वह सबसे बड़ी गौरव की बात है। प्रतिभाओं की नर्सरी के रूप में जाना जाता है इनका स्कूल आपको विदित होगा कि शिक्षक पटेल पहले जहां भी सेवाएं दे रहे थे, वहां के दर्ज संख्या पहले बहुत कम थी। दर्ज संख्या बढ़ाने के लिए अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ा। जिससे सफल हुए ओर आज शिक्षक पटेल के आने पर इनके पूर्व स्कूल चारमार की दर्ज संख्या में उत्तरोंतर वृद्धि होकर 37 से 82 हो गई उनकी 12 वर्ष की लंबी शिक्षकीय वर्ष में अनेक प्रयास किए, जो सफलता की ओर अग्रसर होते हुए एक नए मुकाम पर पहुंचे ओर सत्र 2024 में नवोदय में 102 छात्र को चयन कर राज्यपाल पुरस्कार के लिए चयनित हुए।

### पानी भरे बाल्टी में गिरने से मासूम की गई जान

**अम्बिकापुर।** घर के कमरे में पानी भरे बाल्टी में मासूम गिर गया जिससे पानी में सिर डूब जाने से मासूम की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम झिरमिटी निवासी दीपक तिर्की शहर के बिलासपुर चौक के समीप लक्ष्मीपुर में मोना तिवारी के यहां किराए के मकान में रहकर ढाबा में काम करता है।

# बख्तर व मुंडल के शहीद दिवस पर उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

अमर बलिदानी बख्तर साय एवं मुंडल सिंह की पुण्यस्मृति में 4 अप्रैल शनिवार को खेल मैदान कुनकुरी में शहीद दिवस श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रभर से हजारों की संख्या में समाजजन, युवा, महिलाएं एवं वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति रही, जिससे पूरा आयोजन राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कौशल्या साय एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सुशीला साय उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ अमर शहीद बख्तर साय एवं मुंडल सिंह के चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया।

- तिरंगा यात्रा से गूंजा नगर, लोगों ने लिया देशसेवा का संकल्प

### लोंगो ने निकाली तिरंगा यात्रा

नगर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। तिरंगा यात्रा खेल मैदान कुनकुरी से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस कार्यक्रम स्थल पहुंची। यात्रा के दौरान देशभक्ति के नारों से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला।






### शहीदों का बलिदान देश और समाज के लिए सदैव प्रेरणास्रोत

मुख्य अतिथि कौशल्या साय जी एवं सुशीला साय ने अमर बलिदानी बख्तर साय एवं मुंडल सिंह के त्याग एवं बलिदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि, शहीदों का बलिदान देश और समाज के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा तथा हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर राष्ट्र सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए। प्रदेश पदाधिकारी राहुल सिंह ने बताया कि, शुरू से ही रौतिया समाज देशभक्त रहा है, जो निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है और देश के लिए बलिदान देनें के लिए कभी पीछे नहीं हटेगा। आज इतनी कड़ी गर्मी में भी समाज की विशेष संगोष्ठी में सम्मिलित ग्रामीण, माताएं-बहनें इस बात का प्रमाण हैं। अंत में सभी ने अमर शहीदों को नमन करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आयोजन रौतिया समाज छत्तीसगढ़ ने किया।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में रौतिया समाज छत्तीसगढ़ के पदाधिकारी भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे, जिनमें प्रदेश अध्यक्ष हेमनरायण, सचिव पालू राम प्रधान, कोषाध्यक्ष बजरंग राम, संगठन महामंत्री बंधन सिंह, युवा प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह, सचिव हेमराज सिंह, कोषाध्यक्ष राहुल सिंह, संगठन महामंत्री देव प्रधान, सदस्य रोहित सिंह एवं देवेंद्र सिंह, दीपक सिंह सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

### बख्तर व मुंडन की स्मृति में मनाया गया शहीद दिवस




**जशपुरनगर।** अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में शनिवार 4 अप्रेल को बिजली टोली स्थित रौतिया भवन में शहीद बख्तर साय व मुंडन सिंह की स्मृति में शहीद दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में जिले भर के रौतिया समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में रौतिया समाज के लोगों ने शहीद बख्तर साय व मुंडन सिंह की प्रतिमा में माल्यार्पण कर नमन किया। उनके बलिदान व योगदान को याद करते हुए पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। विद्याचरण सिंह ने बताया, वीर शहीद बख्तर साय, वीर शहीद मुंडल सिंह, एक स्वतंत्रता सेनानी, जिन्होंने 1812 ई में अंग्रेजों की टैक्स नीति, आदिवासियों पर जबरन कर लगाने और उनके शोषण के खिलाफ खुली चुनौती देते हुए डंटकर मुकाबला किया। किंतु अंग्रेजों द्वारा कुटिलता से पकड़े जाने के बाद, हजारीबाग होते हुए कोलकाता जेल ले जाया गया, जहां 4 अप्रैल सन 1812 ई को उन दोनों लौह पुरुष को फांसी दे दी गई। तब से वीर शहिद लोह पुरुषों को याद कर 4 अप्रैल के दिन शहादत दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम में रौतिया समाज के घनश्याम सिंह प्रांतीय अध्यक्ष, कपिल देव साय कार्यकारी अध्यक्ष, मीनू सिंह सचिव, टीएन सिंह अध्यक्ष जशपुर मंडल, अमित सिंह सचिव, सुरज सिंह कोषाध्यक्ष जशपुर मंडल समेत समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## समुदाय की शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता पर दिया जोर

# राज्यपाल ने की बिरहोर जनजाति के लोगों से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

राज्यपाल रमेन डेका ने आज कुनकुरी विकासखंड के बहेराखार ग्राम का दौरा कर विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर समुदाय के लोगों से आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उनके रहन-सहन, जीवनशैली को नजदीक से समझा और उनसे संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। राज्यपाल ने बिरहोर समुदाय के लोगों से चर्चा करते हुए विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति और उनके जीवन में आए सकारात्मक बदलावों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति समुदायों तक सभी शासकीय योजनाओं का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके और वे मुख्यधारा से जुड़कर आत्मनिर्भर बन सकें। राज्यपाल रमेन डेका ने बिरहोर समुदाय के लोगों से संवाद करते हुए उनके सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने समुदाय के लोगों से अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने की अपील की। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की सलाह देते हुए कहा कि बीमारी की स्थिति में अस्पताल या स्वास्थ्य शिविरों में जाकर समय पर उपचार कराना चाहिए।



### पद्मश्री यादव ने किया संघर्षों का उल्लेख

पद्मश्री जागेश्वर यादव ने राज्यपाल रमेन डेका के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने उन्होंने बिरहोर समुदाय को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के अपने लंबे संघर्षों का उल्लेख भी किया। उन्होंने बताया कि वे वर्ष 1980 से इस विशेष पिछड़ी जनजाति के बीच रहकर कार्य कर रहे हैं। उस समय बिरहोर समुदाय के लोग घने जंगलों में निवास करते थे, जंगलों से प्राप्त फलों पर निर्भर रहते थे और जमीन पर ही जीवन यापन करते थे। उन्होंने कहा कि इन समुदायों को वर्तमान स्थिति तक लाने में उन्हें अनेक कठिनाइयों और चुनौतियों का सामना करना पड़ा। लगातार प्रयास, जागरूकता और शासन-प्रशासन के सहयोग से आज बिरहोर समुदाय के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आया है और वे धीरे-धीरे मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं।

### बहेराखार में बिरहोर परिवारों के समग्र विकास के लिए प्रशासन पूरी तत्परता से कर रहा कार्य

कलेक्टर रोहित व्यास ने राज्यपाल को जानकारी देते हुए बताया कि, विशेष पिछड़ी जनजाति समुदायों को शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने के लिए प्रशासन गंभीरता और तत्परता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि ग्राम बहेराखार में बिरहोर समुदाय के कुल 22 परिवार निवासरत हैं, जिनकी कुल जनसंख्या 85 है। इनमें से 73 लोगों के आधार कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। सभी परिवारों का सिकल सेल स्क्रीनिंग परीक्षण पूर्ण कर लिया गया है तथा सभी को राशन कार्ड उपलब्ध कराए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त 19 परिवारों के जॉब कार्ड भी बनाए जा चुके हैं।

### राज्यपाल ने मोबाइल मेडिकल यूनिट का अवलोकन



राज्यपाल रमेन डेका ने शनिवार को कुनकुरी विकासखंड के ग्राम बेहराखार में पीएम जनमन योजना अंतर्गत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने यूनिट में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। मोबाइल मेडिकल यूनिट में ऑक्सीजन सिलेंडर, सीबीसी मशीन, आवश्यक दवाइयों सहित विभिन्न उपचार उपकरण उपलब्ध हैं। साथ ही इसमें डॉक्टर, नर्स एवं पैरामेडिकल स्टाफ की टीम भी तैनात रहती है, जो दूरस्थ क्षेत्रों में जाकर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करती है। अवलोकन के उपरांत राज्यपाल ने संतोष व्यक्त किया। साथ ही अधिकारियों से कहा कि विशेष पिछड़ी जनजातीय क्षेत्रों में नियमित रूप से भ्रमण कर स्वास्थ्य जांच एवं उपचार सुनिश्चित किया जाए, ताकि इन समुदायों को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें। इस अवसर पर पद्म जागेश्वर यादव, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जीएस जात्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने की पंचायत विभाग के कार्यों की समीक्षा योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का निर्देश



**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की मैराथन बैठक लेकर विभिन्न विकासमूलक कार्यों का समीक्षा कर कार्यों को समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक की शुरुआत में कहा कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास के कार्यों में पंचायत से जुड़े पंचायत सदस्यों, अधिकारियों कर्मचारियों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। इन कार्यों को अच्छे ढंग से सभी पंचायतकर्मी करें। साथ ही पुराने अधूरे कार्य का पंचायतों से वसूली करने के लिए एसडीएम को धारा 92 के तहत वसूली कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने वर्ष 2016-2023 तक के 47 हजार पीएम आवास में अपूर्ण 2 हजार आवास को अगस्त तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार वर्ष 2024-25 में स्वीकृत 30 हजार पीएम आवास और वर्ष 2025-26 में स्वीकृत 10 हजार पीएम आवास को फील्ड में जाकर हितग्राहियों से बात कर समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही ऐसे हितग्राहियों जिनके नींव स्तर पर कार्य हुए हैं या जिसने कार्य शुरू नहीं किया है वो 10 दिन के भीतर काम शुरू कर बरसात के पहले पीएम आवास कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। सभी ग्राम पंचायत में स्वीकृत मनरेगा कार्य कर जल संवर्धन से संबंधित डबरी, नया तालाब, तालाब गहरीकरण, चेकडेम और हितग्राही मूलक कार्य एवं आंगनबाड़ियों में संबंधित कार्यों का प्रस्ताव लेकर कार्य स्वीकृत करने के निर्देश दिए। वहीं पुराने लंबित कार्यों को दो माह में पूर्ण करने के निर्देश दिए। ओबीसी प्राधिकरण, मध्य क्षेत्र प्राधिकरण, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण, जिला खनिज न्यास मद के पुराने लंबित कार्यों को 15 दिवस में पूर्ण करने और नए स्वीकृत कार्यों को जुलाई 2026 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरिया को मिली नई एंबुलेंस सुविधाए



**सरिया।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। ताकि आमजन को समय पर उपचार मिल सके। राज्य में 370 नई संजीवनी 108 एंबुलेंस की सौगात दी गई है। जिससे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को नई एंबुलेंस मिली। इस उन्नत एम्बुलेंस से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में आपातकाल सेवाएं तेज होगी। उक्त संबोधन शुक्रवार को सारंगढ़ बिलाईगढ़ के जिले सरिया नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने व्यक्त किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरिया में भी एक नई एंबुलेंस सुविधा मिलने पर शुक्रवार को पूजा पाठ कर एवं फूल माला पहनकर मरीजों के लिए स्वास्थ्य लाभ हेतु रवाना किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन का यह पहल ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक बड़ा कदम है। इससे स्वास्थ्य सेवाओं में बड़े सुधार होंगे तथा मरीजों को त्वरित उपचार और अस्पताल तक पहुंचने में मदद मिलेगी।

# बिलाईगढ़ को मिली 108 एंबुलेंस सेवा की दो नई गाड़ियां

**बिलाईगढ़।** बिलाईगढ़ विकासखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आज शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ में 108 एंबुलेंस सेवा के अंतर्गत दो नई एंबुलेंसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर बिलाईगढ़ विधायक कविता लहरे ने कार्यक्रम में उपस्थित रहकर एंबुलेंस को क्षेत्रवासियों को समर्पित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्रीमती लहरे ने कहा कि यह पहल आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि समय पर चिकित्सा सहायता मिलना कई बार जीवन और मृत्यु के बीच का



अंतर तय करता है, ऐसे में 108 एंबुलेंस सेवा की यह नई शुरुआत क्षेत्र के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। उन्होंने आगे कहा कि उनकी प्राथमिकता बिलाईगढ़ क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक तक बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में लोगों को समय पर सहायता मिल सके। इस दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और भविष्य में भी स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए कार्य जारी रहेगा। इस अवसर पर बिलाईगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लकेश्वर देवांगन, सरसीवा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भीषम साहू, रामनारायण भट्ट, शेखर भट्ट, भूपेन्द्र यादव, मिथलेश लहरें, रामनारायण साहू, श्रीमती शांति बंजारे, श्रीमती मिथिला जांगड़े, रामप्रसाद राकेश बीएमओ जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं डॉक्टर अस्पताल स्टाफ उपस्थित रहे।

## प्रशिक्षण शिविर में पूर्व विधायक विजय ने कार्यकताओं को दी भाजपा के वैचारिक अधिष्ठान की जानकारी



**पुसौर/ रायगढ़।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कोड़ातराई भाजपा मण्डल का पायोनियर पब्लिक स्कूल में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग शिविर के द्वितीय दिवस के षष्टम सत्र के मुख्य वक्ता पूर्व विधायक विजय अग्रवाल का स्वागत अभिनंदन मंडल अध्यक्ष संदीप पंडा एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा किया गया। सत्र समाप्ति के पश्चात स्मृति चिन्ह के रूप में स्थानीय उत्पाद एकताल में निर्मित मूर्ति भेंटकर किया गया। कोड़ातराई भाजपा मंडल प्रशिक्षण वर्ग शिविर के षष्टम सत्र के मुख्य वक्ता पूर्व विधायक विजय अग्रवाल के साथ अध्यक्षता कोड़ातराई सरपंच एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष रामपुकार सिंह ने किया। मुख्य वक्ता विजय अग्रवाल ने मंडल के समर्पित एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं को भाजपा के वैचारिक अधिष्ठान विषय पर संबोधित करते हुए प्रशिक्षण दिए।

### जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में हुई मांग, जनता का मिला भरोसा और साथ

# फ़ोरलेन सड़क, यात्री ट्रेन की सुविधाएं और एनटीपीसी की मनमानी को लेकर युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**घरघोड़ा।** घरघोड़ा क्षेत्र की जनता वर्षों से फ़ोर लेन सड़क, यात्री रेल चालू, विकास की सुविधाओं के अभाव में पीड़ा झेलने के साथ महंगी फीस और स्थानीय युवाओं को रोजागर की माँग को लेकर तरस रही है। इस माँग को लेकर शनिवार को उस्मान बेग, जिला अध्यक्ष रायगढ़ युवा कांग्रेस ग्रामीण ने जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में कलेक्टर जिला प्रशासन को इन तीन प्रमुख मुद्दों पर विस्तृत ज्ञापन सौंपाकर प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी कि मांगें नहीं माने जाने पर गांधीवादी, शांतिपूर्ण लेकिन क्रमिक और सशक्त आंदोलन किया जाएगा।

युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष उस्मान बेग ने तीन अलग अलग ज्ञापन दिए जिसमे प्रमुख रूप से रायगढ़–घरघोड़ा और घरघोड़ा–धरमजयगढ़ फोरलेन सड़क की स्वीकृति और निर्माण की माँग की है, यह मार्ग उत्तर रायगढ़ अंचल, औद्योगिक क्षेत्रों, खनन बेल्ट और जनजातीय क्षेत्रों की मुख्य जीवनरेखा है। रायगढ़–घरघोड़ा 37 किमी फोरलेन सड़क के लिए 17-30 करोड़ की प्रारंभिक स्वीकृति मिल चुकी है जैसा पिछले साल भर से ऊपर अखबारों में पढ़ा था पर अब तक इसमें कार्यवाही शून्य है, इस स्वीकृति और इसकी स्थिति को सार्वजनिक करने की माँग है वही कहा की लगातार सड़क दुर्घटनाएं, जाम, भारी



ट्रेलर और कोयला वाहनों से नागरिकों को सुरक्षा खतरे का सामना हर दिन करना पड रहा है , दोनों मार्गों का फोरलेन निर्माण शीघ्र प्रारंभ करने, सर्वे, डीपीआर, भू-अर्जन और टेंडर प्रक्रिया युद्धस्तर पर पूरी करने, दुर्घटना संभावित स्थलों पर डिवाइडर, पैचवर्क, संकेतक और हाईमास्ट/स्ट्रीट लाइट तुरंत लगाये जाने, और आगे इस सड़क को भारतमाला/ औद्योगिक फोरलेन कॉरिडोर से जोडे जाने की माँग की है। वही दूसरे ज्ञापन में घरघोड़ा–धरमजयगढ़ यात्री रेल सेवा चलाई करने की माँग की है , ज्ञापन में कहा गया कि बिलासपुर और रायपुर के लिए अप-डाउन लोकल पैसेंजर एमईएमयू ट्रेन शीघ्र चालू की जाए। रेल लाइन यूपीए कांग्रेस सरकार 2012 में स्वीकृत हुई थी। तब से यह निर्माणधीन रही फिर 2019में पहली मालगाड़ी चली। घरघोड़ा से प्रतिदिन औसतन 3 कोयला रेक चलते हैं, जिससे 4800+ कोयला रेक और 1.82 करोड़ टन से अधिक कोयला देशभर में अब तक पहुंच चुका है। स्थानीय जनता अभी तक यात्री रेल सुविधा से वंचित है, सत्ता स्तर के जनप्रतिनिधि चुप है, छात्र, कर्मचारी, मरीज और व्यापारियों को भारी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। इसमें कलेक्टर से यह माँग किया गया की डीआरएम बिलासपुर, रेलवे बोर्ड और रेल मंत्रालय को अनुशंसा पत्र भेजा जाए। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और विभागों की बैठक कर ठोस प्रस्ताव तैयार कर आगे रूपरेखा बनाकर इस रूट में यात्री ट्रेन चालू करने पहल करने की माँग की गई। वही तीसरे माँग में एनटीपीसी तिलाईपाली परियोजना की लंबित शिकायतें जो पेंडिंग है उस पर ध्यान आकर्षित कराया गया और कहा की रोजगार में जो लगभग 90 प्रतिशत रोजगार बाहरी लोगों को दिया गया है वो पहले प्रभावित स्थानीय लोगों को फिर घरघोड़ा ब्लॉक और जिले के लोगों को प्राथमिकता दी जाए।

# सरसीवा में बच्चों ने रचा भक्ति का अद्भुत इतिहास



**सरसीवा।** चैत्र पूर्णिमा के पावन अवसर पर मनाई गई हनुमान जयंती इस बार नगर पंचायत सरसीवा में एक अनोखी और प्रेरणादायक मिसाल बनकर उभरी। जहां आमतौर पर धार्मिक आयोजनों में बड़ों की भूमिका प्रमुख होती है, वहीं इस बार छोटे.छोटे बच्चों ने अपने अदम्य उत्साह, अनुशासन और अटूट श्रद्धा से बिना किसी बाहरी सहयोग के एक भव्य शोभायात्रा निकालकर पूरे नगर को आश्चर्यचकित कर दिया। सुबह से ही नगर में भक्ति का वातावरण गहराने लगा था। बाल भक्तों के नेतृत्व में निकली इस शोभायात्रा ने जैसे पूरे सरसीवा को राममय कर दिया। जय बजरंगबली जय राम के गगनभेदी उद्घोष रामधुन और हनुमान चालीसा के मधुर स्वर वातावरण में एक दिव्य ऊर्जा का संचार कर रहे थे।



# खुद कमानी पड़ती है अपनी जीत

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन के बॉलीवुड करियर को 26 साल हो चुके हैं। अपने कॅरियर में उन्होंने अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं। लेकिन, वह ऐसे परिवार में आते हैं, जहां तीन बड़े नामी स्टार मौजूद हैं। पिता अमिताभ बच्चन सदी के महानायक हैं। मां जया बच्चन एक उम्दा अभिनेत्री रही हैं। वहीं, पत्नी ऐश्वर्या विश्व सुंदरी और बॉलीवुड की सबसे हिट एक्ट्रेस में शामिल रही हैं। अक्सर ही अभिषेक बच्चन के कॅरियर की तुलना उनकी पत्नी के कॅरियर से होती है। हाल ही में इस मुद्दे पर अभिषेक ने फिर मन की बात कही है। अभिषेक से पूछा गया कि शादी के बाद ज्यादा सफल पार्टनर के साथ रहने पर कुछ लोग असुरक्षित महसूस करते हैं। इस पर अभिषेक कहते हैं, 'मैं ऐसा इंसान नहीं हूं जो सिर्फ इसलिए जीतना चाहता हो, क्योंकि किसी और ने हार मान ली। मुझे बचपन से यही सिखाया गया है कि आपको अपनी जीत खुद कमानी पड़ती है।' वह आगे कहते हैं, 'मेरी सोच ऐसी ही है।

लाइफ Style



# दिव्या
## एक बार में साइन की 20 मूवीज

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दिव्या दत्ता ने 16 की उम्र में एक्टिंग डेब्यू किया। साल 1999 में आई पंजाबी फिल्म 'शहीद-ए-मोहब्बत बूटा सिंह' से उन्हें पहचान मिली। शुरुआत में दिव्या को लगता था कि वह कहीं फिट नहीं बैठती। लेकिन, दिव्या मानती हैं कि कई सालों तक उन्हें काम मिलना बहुत मुश्किल था। इसी दौरान 'वीर जारा' के बाद उनकी किस्मत बदली और उन्हें ढेरों ऑफर मिलने लगे।

दिव्या ने एक साथ करीब 20 फिल्में साइन कर लीं, लेकिन बाद में आदित्य चोपड़ा से बातचीत के बाद कई फिल्मों के पैसे वापस कर दिए। दिव्या दत्ता ने कहा, 'मेरे लिए अपनी जगह बनाना ही एक सफर था। इस दौरान आपको समझ आता है कि आपको क्या चाहिए। जैसे-जैसे जिंदगी आगे बढ़ती है, वैसे-वैसे सोच में स्पष्टता आती है कि मुझे क्या चाहिए। आप अपनी जगह, अपना पैशन ढूंढ लेते हैं और समझ जाते हैं कि अगला कदम क्या होना चाहिए।' दिव्या दत्ता ने बताया कि साल 2007 के आसपास एक वक्त ऐसा आया जब उन्हें एक साथ कई फिल्मों के ऑफर मिले और उन्होंने लगभग 20 फिल्में साइन कर लीं। उन्होंने कहा, मुझे याद है, मैंने 20 के करीब फिल्में साइन कर ली थीं, क्योंकि एक वक्त था जब मेरे पास कोई काम नहीं था। अचानक इतने ऑफर आए कि मैंने सब ले लिए। हालांकि, दिव्या ने उन सभी फिल्मों से खुद को अलग कर लिया जिन पर उन्होंने काम शुरू नहीं किया था, और इसकी वजह थी आदित्य चोपड़ा से हुई एक मुलाकात। उन्होंने पूछा कि मैं इतनी फिल्में क्यों साइन कर रही हूं। तुम बहुत अच्छी एक्टर हो, क्यों न कोई विरासत छोड़ो? दिव्या दत्ता कहती हैं कि आदित्य चोपड़ा से हुई इस बातचीत ने उनके काम और मौकों को देखने का नजरिया बदल दिया।

## हॉलीवुड मसाला



# जस्टिन पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोप खारिज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्ट्रेस ब्लेक लाइवली ने अपनी फिल्म 'इट एंड्स विद अस' के को-स्टार और डायरेक्टर जस्टिन बाल्डोनी पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। साथ ही मानहानि का केस भी डायरेक्टर पर किया था। यौन उत्पीड़न के आरोप को फेडरल कोर्ट ने गुरुवार को खारिज कर दिया है। इसके बाद एक्ट्रेस की लीगल टीम ने अपना फोकस अब मानहानि केस पर कर दिया है। गुरुवार को जज लुईस लिमन ने ब्लेक लाइवली के केस में 13 में से 10 दावों और आरोपों को खारिज कर दिया। इन आरोपों में यौन उत्पीड़न, मानहानि और एक्ट्रेस के खिलाफ साजिश के दावे शामिल थे। इस फैसले बावजूद कोर्ट ने एक्ट्रेस को कुछ आरोपों को ट्रायल के लिए आगे बढ़ाने की अनुमति दी है। अब यह मामला 18 मई को न्यूयॉर्क के एक सिविल ट्रायल कोर्ट में जाएगा।



# एल्बम द लाइफ ऑफ अ शोगर्ल के नाम पर विवाद

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी सिंगर और सॉन्गराइटर टेलर स्विफ्ट के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। दुनियाभर में अपने करोड़ों फैंस की चहेती, 36 साल की टेलर एलिसन स्विफ्ट अपने नए एल्बम 'द लाइफ ऑफ अ शोगर्ल' के नाम को लेकर कानूनी विवाद में उलझ गई हैं। दुनिया की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली लाइव म्यूजिक आर्टिस्ट और सबसे अमीर फीमेल सिंगर, को अब अपने एल्बम के नाम की ब्रांडिंग और मालिकाना हक को लेकर कोर्ट में लड़ाई लड़नी पड़ेगी। कैलिफोर्निया की फेडरल कोर्ट में दायर इस मुकदमे में टेलर स्विफ्ट और यूएमजी रिकॉर्डिंग्स पर ट्रेडमार्क उल्लंघन, गलत पहचान और अनफेयर कंपीटिशन यानी अनुचित प्रतिस्पर्धा के आरोप लगाए गए हैं। अपनी याचिका में मारेन वेड ने अरोप लगाए हैं कि टेलर स्विफ्ट की टीम ने एल्बम रिलीज होने के तुरंत बाद ही उसके टाइटल का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया। शिकायत में कहा गया है, 'उन्होंने ऐसा चुपचाप नहीं किया। कुछ ही हफ्तों के भीतर, इस नाम को यूजर मार्केट में हर तरह से इस्तोमल किया गया। इसे लेबल, टैग और पैकेजिंग पर छापा गया। साथ ही रिटेल चैनलों में एक पहचान के तौर पर इस्तेमाल किया गया।



# सीता के रूप में साई से बेहतर नहीं हो सकती थी कास्टिंग

**मुंबई।** रणबीर कपूर की फिल्म रामायण इस साल के मच अवेटेड प्रोजेक्ट्स में से एक है। फिल्म का पहला हिस्सा इस साल दिवाली के मौके पर रिलीज होगा। फिल्म में रणबीर कपूर राम की भूमिका निभाएंगे। हनुमान जयंती के अवसर पर लॉन्च टीजर में रणबीर कपूर के लुक को रिवील भी कर दिया गया है। फिल्म में साई पल्लवी सीता के रूप में नजर आएंगी। टीजर लॉन्च इवेंट में रणबीर कपूर ने अपनी को-स्टार साई पल्लवी और यश को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि सीता के रूप में साई पल्लवी से बेहतर कास्टिंग नहीं हो सकती थी। भारत से पहले नितेश तिवारी की फिल्म का टीजर अमेरिका (लॉस एंजिल्स) में रिलीज किया गया था। टीजर रिलीज के लिए रणबीर कपूर भी इवेंट में पहुंचे थे। वहां, मीडिया से बातचीत में रणबीर कपूर ने साई पल्लवी को ब्रिलिएंट एक्टर बताया है।



# धुरंधर 2 देखने अंडरकवर बनकर थिएटर पहुंचे माधवन

**मुंबई।** धुरंधर 2 में रणवीर सिंह के अलावा जिस एक्टर की सबसे ज्यादा तारीफ हो रही है, वो हैं आर माधवन। आर माधवन ने फिल्म में अजय सान्याल का किरदार निभाया है। ना सिर्फ माधवन ने इस किरदार के लिए अपने लुक में जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन किया बल्कि उनके एक्सप्रेशन्स भी कमाल के थे। अब माधवन थिएटर में फिल्म देखने पहुंचे और दर्शकों का लाइव रिएक्शन ले रहे थे। एग्जिबीटर अक्षय राठी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर माधवन का एक क्लिप शेयर किया है जिसमें माधवन आराम से मूवी देख रहे हैं और चुपके से सबके रिएक्शन भी देख रहे हैं। अक्षय राठी ने क्लिप शेयर कर लिखा कि आईएसआई जो प्लान बनाना चाहें बना सकते हैं। अजय सान्याल की सब पर नजर है। बड़ा मजा आया माधवन को कैप्चर करके।

## टीवी मसाला



# पंचायत के छह साल पूरे हुए, मेकर्स ने जारी की अनदेखी तस्वीरें

**नई दिल्ली।** 'पंचायत' सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली वेब सीरीज में से एक है। इसके कई सीजन रिलीज हो चुके हैं। सीरीज का सबसे पहला सीजन आज के दिन यानी 3 अप्रैल 2020 को रिलीज हुआ था। पहले सीजन के 6 साल पूरे होने पर मेकर्स ने 'पंचायत' की बीटीएस तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ उन्होंने सीरीज के अगले सीजन की अपडेट दी है। इंस्टाग्राम पर मेकर्स ने 'सीरीज' की जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें सीरीज के अहम कलाकार नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर में जितेंद्र अपने साथी कलाकार के साथ मुस्कुरा रहे हैं। एक और तस्वीर में रघुबीर यादव और नीना गुप्ता नजर आ रहे हैं। एक सीन में सुनीता के साथ दुर्गेश कुमार हैं। मेकर्स ने फैसल मलिक की भी तस्वीर शेयर की है। इसमें वह साथी कलाकारों के साथ चारपाई पर बैठे नजर आ रहे हैं। एक और तस्वीर में वह स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं। वहीं मुख्य कलाकार सान्विका को मेकर्स कुछ समझा रहे हैं। इंस्टाग्राम पर 'पंचायत' की जो तस्वीरें शेयर की गई हैं, उसके कैप्शन में लिखा है 'फुलेरा में 6 साल बिताए और कभी इसे छोड़कर जाने का मन नहीं किया। इसके नए सीजन की शूटिंग जारी है। इस पोस्ट पर कई फैंस ने कमेंट करते हुए लिखा है कि उनको सीरीज के नए सीजन का इंतजार है। सीजन 4 के क्लाइमेक्स के बाद, फैंस अगले सीजन का इंतजार कर रहे हैं।

## कॉफी विद करण का आएगा सीजन 9?

**नई दिल्ली।** कॉफी विद करण शो के फैंस के लिए एक अच्छी खबर है। जियो हॉटस्टार करण जौहर के साथ शो के 9वें सीजन के लिए के लिए बातचीत कर रहा है। अगर ये डील लॉक होती है तो फैंस को अपने फेवरेट शो का नया सीजन देखने को मिलेगा। जियो हॉटस्टार ने शो के लिए शुरुआती बातचीत शुरू कर दी है और अगर सब कुछ प्लान के मुताबिक जाता है तो फैंस को कॉफी विद करण का 9वां सीजन देखने को मिलेगा। खबर से जुड़े सूत्रों ने मीडिया पोर्टल को बताया, "करण इस चीज से अवगत हैं कि ऑडियंस बदल चुकी है। तो वो अपने सेगमेंट्स को छोटा कर सकते हैं और उन्हें आज के हिसाब से बना सकते हैं। गेस्ट लिस्ट भी बदली जाएगी, साउथ के स्टार्स, बॉलीवुड सिलेब्स, ओटीटी एक्टर्स और क्रिएटर्स नए सीजन में कॉफी विद करण के काउच पर नजर आएंगे। हालांकि, चीजें अभी शुरुआती दौर में हैं। अभी डील लॉक नहीं हुई है।" अगर कॉफी विद करण का नौवां सीजन आता है तो ये देखना दिलचस्प होगा कि इस बार कौन-कौन से गेस्ट इंडस्ट्री की इनसाइड स्टोरीज को कॉफी विद करण के काउच पर शेयर करते हैं।



# अली अब्बास की एक्शन- रोमांटिक फिल्म में नजर आएंगे अहान



**मुंबई।** सैयारा फेम एक्टर अहान पांडे एक एक्शन-रोमांटिक फिल्म में नजर आएंगे। शुक्रवार को अली अब्बास जफर ने इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए फिल्म से अहान पांडे का पहला लुक शेयर किया है, जिस पर फैंस दिल हार बैठे हैं। अहान पांडे की इस फिल्म की शूटिंग शुक्रवार से आधिकारिक तौर पर शुरू हो गई है। जल्द ही मुख्य अभिनेत्री और आधिकारिक शीर्षक की घोषणा की जाएगी। फिल्म का निर्माण वाईआरएफ कर रहा है। इसकी शूटिंग मुंबई और विदेशों में होगी। इस फिल्म के निर्देशक अली अब्बास जफर ने इंस्टाग्राम पर अहान की एक खास तस्वीर शेयर की और लिखा, 'और शुरू हो गई...'। अहान पांडे की इस फिल्म के निर्देशक अली अब्बास जफर ने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर अहान पांडे की है। इस तस्वीर में अहान के चेहरे का कुछ हिस्सा साफ नजर आ रहा है, क्योंकि बाकी की तस्वीर धुंधली है। छोटे बाल में अहान का यह लुक कमाल का लग रहा है। इस तस्वीर को देखकर ऐसा लग रहा है कि वह किसी को देखते नजर आ रहे हैं। वहीं, दूसरी तस्वीर एक क्लैप बोर्ड की है। जिसके साथ लिखा, 'यश राज फिल्म्स, प्रोडक्शन नंबर 79, निर्देशक अली अब्बास जफर।' अहान की इस दूसरी फिल्म के पहले लुक ने सेलेब्स और फैंस का दिल जीत लिया है। अभिनेता अर्जुन कपूर ने लिखा, 'मास' और साथ ही फायर इमोजी बनाया है। टीवी अभिनेता हितेन तेजवानी ने लिखा, 'बधाई हो अली सर', अहान की मां डीन ने लिखा, 'पूरी टीम को शुभकामनाएं'।

# इस महीने रिलीज होंगी एक्शन से लेकर हॉरर फिल्में

**नई दिल्ली।** अप्रैल 2026 में रिलीज होने वाली आगामी बॉलीवुड फिल्मों में अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की बहुप्रतीक्षित हॉरर-कॉमेडी 'भूत बंगला' से लेकर आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर की एक्शन थ्रिलर 'डकैत' तक शामिल हैं। अप्रैल महीने में सभी उम्र के दर्शकों के लिए भरपूर मनोरंजन होगा। ये हैं अप्रैल 2026 में रिलीज होने वाली कुछ फिल्मों की लिस्ट।

### डकैत'

फिल्म 'डकैत' पहले 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन इसे आगे बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दिया गया है। इस फिल्म में आदिवी शेष, मृणाल ठाकुर और अनुराग कश्यप मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'डकैत' की कहानी में एक्शन, ड्रामा और अच्छी केमिस्ट्री देखने को मिलेगी। यह शेनिल देव की पहली निर्देशित फिल्म है। फिल्म हिंदी और तेलुगु दोनों भाषाओं में रिलीज होगी।




### मर्सी

'मर्सी' निष्क्रिय इच्छामृत्यु जैसे गंभीर विषय पर बनी है। फिल्म की कहानी करुणा, कर्तव्य और कानूनी नैतिकता के बीच की उलझन को दिखाती है। फिल्म 'मर्सी' में आदिल हुसैन, राज वासुदेवा और निहारिका रायजादा मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। मर्सी का निर्देशन मितुल पटेल ने किया है। मर्सी 24 अप्रैल को रिलीज होगी।

### भूत बंगला

प्रियदर्शन और अक्षय कुमार की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' पौराणिक कथाओं, काले जादू से प्रेरित है। इसमें वामिका गब्बी, परेश रावल, तब्बू, राजपाल यादव और जिस्सू सेनगुप्ता भी हैं। पहले यह फिल्म 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी, लेकिन हाल ही में मेकर्स ने इसकी नई रिलीज डेट जारी की है। 16 मार्च रात 9 बजे से 'भूत बंगला' के पेड प्रिव्यू शोज थिएटर्स में शुरू हो जाएंगे। जिससे साफ है कि फिल्म 16 मार्च की रात 9 बजे से सिनेमाघरों में मौजूद रहेगी।

### गिन्नी वेड्स सनी 2

गिन्नी वेड्स सनी 2 एक हल्की-फुल्की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। गिन्नी वेड्स सनी 2 में अविनाश तिवारी और मेधा शंकर मुख्य भूमिका में हैं। यह 2020 में नेटफ्लिक्स पर आई फिल्म 'गिन्नी वेड्स सनी' का दूसरा भाग है। फिल्म में लिलेट दुबे, सुधीर पांडे, गोविंद नामदेव जैसे कलाकार भी हैं। 'गिन्नी वेड्स सनी 2', 24 अप्रैल को रिलीज होगी।

# बॉलीवुड की इन दर्द भरी फिल्मों को देखकर निकल जाएंगे आंसू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड में ऐसी कई फिल्में हैं, जो दर्द, प्यार, समाज और इंसानियत की गहराइयों को छूती हैं। भले ही ये 2-3 घंटे की फिल्में हो, लेकिन यह आप गहरा असर छोड़ती हैं। बॉलीवुड में ऐसी अनगिनत फिल्में होंगी, जिसमें गहरा दुख-दर्द देखने को मिलता है। क्लाइमैक्स में हीरो-हीरोइन मर जाते हैं। या फिर हीरो-हीरोइन को सच्चा प्यार नहीं मिल पाता है। यहां हम आपको बॉलीवुड की 6 दर्द भरी फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं।

### मसान

साल 2015 में आई 'मसान' को क्रिटिकली बहुत सराहा गया. फिल्म में श्वेता त्रिपाठी, विक्की कौशल और ऋचा चड्ढा लीड रोल में हैं। इनके दो अलग-अलग कहानियां दिखाई गई हैं। फिल्म की कहानी वाराणसी में सेट है, जिसके घाट पर जीवन और मौत का खेल चलता है। एक कहानी में ऋचा है, जो एक स्टुडेंट के साथ होटल में पकड़ी जाती है। स्टूडेंट आत्महत्या करता है। पुलिस इंस्पेक्टर उसका वीडियो बनाता है और उसे ब्लैकमेल करता है। ऋचा के पिता का किरदार संजय मिश्रा ने निभाया है, जो पंडित है और किताब की दुकान चलाते हैं। रिश्वत के पैसे जुटाने के लिए वह गलत काम करते हैं। वे गंगा में सिक्के बटोरने वाले बच्चों के साथ जुआ खेलना शुरू करता है।

## दर्द, प्यार, समाज और इंसानियत की गहराइयों को छूती हैं



### तेरे नाम

साल 2003 में आई 'तेरे नाम' बॉक्स ऑफिस पर भले ही फ्लॉप हुई, लेकिन कल्ट क्लासिक फिल्म बन गई। सलमान खान किरदार राधे कॉलेज का गुंडा, हॉट टेम्पर वाला लड़का है। वह भूमिका चावला के किरदार निर्जरा से प्यार करता है। निर्जरा ब्राह्मण लड़की है। निर्जरा शुरू में डरती है, लेकिन राधे का बदलता स्वभाव उसे आकर्षित करता है। राधे प्रपोज करता है। लेकिन दुश्मनों से मार खाकर उसका पागल हो जाता है। निर्जरा उसकी देखभाल करती है। राधे की हालत बिगड़ती जाती है। फिल्म प्यार की ताकत, हिंसा के चक्र और पागलपन की दर्द भरी कहानी है।

### देवदास

शाहरुख खान, ऐश्वर्या राय बच्चन और माधुरी दीक्षित स्टारर 'देवदास' भी दुख से भरी से फिल्म है। 2002 में आई इस फिल्म को ऑडियंस ने खूब पसंद किया. शाहरुख का किरदार देवदास मुखर्जी लंदन से पढ़कर लौटता अमीर जमींदार का बेटा है। बचपन की दोस्त पारो(ऐश्वर्या ) से प्यार करता है। परिवार, जाति और रुतबे के नाम पर विरोध करता है। पारो का विवाह एक बूढ़े व्यक्ति से तय होता है, जिसकी पत्नी मर चुकी है। देवदास टूट जाता है, शराब में डूब जाता है। डांसर चंद्रमुखी उससे प्यार करती है, लेकिन देवदास पारो को ही पुकारता रहता है। देवदास की तबीयत बिगड़ती है। वह पारो के घर के बाहर मरने जाता है। फिल्म क्लासिक ट्रेजेडी- प्यार, घमंड, समाज और आत्म-विनाश की कहानी को दिखाती है।

### द स्काई इज पिंक

साल 2019 में 'द स्काई इज पिंक' कैंसर से लड़ने वाली आयशा चौधरी सच्ची कहानी पर बेस्ड है। फिल्म में जायरा वसीम ने आयशा का किरदार निभाया. प्रियंका चोपड़ा और फरहान अख्तर उसके पेरेंट्स बनते हैं। शादी के बाद उनका पहला बच्चा तान्या एससीआई बीमारी से मर जाता है। पेरेंट्स देश-दुनिया में कैंसर का ट्रीटमेंट करवाते हैं। आयशा मोटिवेशनल स्पीकर बनती है, किताब लिखती है। लेकिन, बीमारी बढ़ती जाती है। फिल्म का क्लाइमैक्स मौत को गले लगाने, मां-बाप की कुर्बानी, भाई-बहन के रिश्ते और जिंदगी की खुशियों को संजोकर जीने की सीख देती है।

### वीर-जारा

शाहरुख खान, प्रीति जिंटा और रानी मुखर्जी स्टार 'वीर-जारा' 2004 में आई एक कल्ट फिल्म है। फिल्म की कहानी भारत-पाकिस्तान में रहने वाली दो कपल की कहानी है। फिल्म में शाहरुख ने वीर प्रताप सिंह का किरदार निभाया, जो भारतीय सेना में हैं। जबकि प्रीति पाकिस्तानी लड़की जारा हयात खान के किरदार में दिखी। जारा अपनी दादी अस्थिया विसर्जित करने भारत आती है। बस एक्सीडेंट में वीर उसे बचाता है। दोनों को प्यार होता है। लेकिन जारा की शादी पाकिस्ता में तय हो जाती है। वीर उसे लेने पाकिस्तान जाता है, लेकिन जारा के परिवार वाले उसे जेल भिजवा देते हैं। 22 साल बाद पाकिस्तानी सामिया (रानी मुखर्जी) वीर का केस लड़ती है और जीतती है। वीर-जार की मुलाकात 22 साल बाद होती है।

**खबर संक्षेप**



## संकल्प सभा में शामिल हुए वित्त मंत्री

**रायगढ़।** कालियाबोर असम के फाल्स हाई स्कूल मैदान मे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में आयोजित विजय संकल्प सभा में छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी सम्मिलित हुए। ओपी ने कहा जनता का अपार समर्थन और कार्यकर्ताओं का जोश से स्पष्ट है कि असम विधानसभा चुनाव में एक बार फिर एनडीए की प्रचंड जीत होगी। इस अवसर पर असम गण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष, असम सरकार के मंत्री अतुल बोरा, एनडी, प्रत्याशी केशब महंता, सांसद कामाख्या प्रसाद तासा सहित अन्य गणमान्यजनों की मौजूदगी रही।

### लोकसभा सांसद ने किया शिविर का अवलोकन

# घरघोड़ा में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में सैकड़ों हितग्राही हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला प्रशासन द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए घरघोड़ा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन प्रस्तुत किए तथा विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त किया।

लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने शिविर का अवलोकन कर अपने संबोधन में कहा कि सरकार की मंशा है कि आम जनता की समस्याओं का समाधान सरल एवं सहज तरीके से उनके द्वार पर ही हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव



साय के नेतृत्व में यह पहल की गई है, ताकि किसानों, मजदूरों, दिव्यांगजनों सहित सभी वर्गों की समस्याओं का त्वरित निराकरण हो सके। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर उन लोगों के लिए विशेष रूप से लाभकारी हैं, जो विभिन्न कारणों से कार्यालयों तक नहीं पहुंच पाते। आज प्रशासन की पूरी टीम यहां उपस्थित होकर लोगों की समस्याएं सुन रही है और उनका समाधान कर रही है। सांसद ने कहा कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से दर्ज किया जा रहा है और निर्धारित समय-सीमा में उनका निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में आगे आकर अपनी समस्याएं रखें और शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि आम जनता की जागरूकता ही विकास की मूल आधारशिला है। साथ ही उन्होंने क्षेत्र में पेयजल समस्या के निराकरण के लिए पाइपलाइन व्यवस्था को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा 43 हितग्राहियों को मौके पर ही लाभान्वित किया गया।

## रात भर सड़क में ही तड़फता रहा घायल

**सरिया।** गुरुवार रात्रि लगभग 7 बजे चंद्रपुर रोड खजुरिया तालाब के पास एक दर्दनाक घटना घटी, जहां रोज़ की तरह मेहनत मजदूरी कर घर लौट रहे मंगलू सतनामी को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल मंगलू सतनामी पूरी रात सड़क किनारे भूखे प्यासे तड़पता रहा, लेकिन किसी ने उसकी सुध नहीं ली। शुक्रवार सुबह 7 बजे जैसे ही इस घटना की जानकारी फोन के माध्यम से सुरेश इजारदार द्वारा नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल को मिली, उन्होंने बिना एक पल गंवा, तत्काल मानवीय संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का परिचय दिया। अपने साथियों. पार्षद मोती स्वर्णकार, मनोज मेंहर एवं सुरेश इजारदार के साथ स्वयं मौके पर पहुंचे और घायल की मदद के लिए पूरी तत्परता दिखाई।




## कालेज के प्रभारी प्राचार्य के खिलाफ फिर उठी एफआईआर की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

शासकीय नवीन महाविद्यालय चंद्रपुर एक बार फिर विवादों के केंद्र में आ गया है, जहां 16 जनवरी को हुए कथित बलवा कांड की परछाई अब दोबारा मंडराने लगी है। इस पूरे मामले को लेकर अतिथि व्याख्याता डॉ. लक्ष्मी प्रसाद कर्ष ने चंद्रपुर थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए पुनः एफआईआर की मांग की है।

आवेदन में डॉ. कर्ष ने प्रभारी प्राचार्य चरणदास बर्मन पर गंभीर और चौंकाने वाले आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि 16 जनवरी को सुनियोजित तरीके से 40-50 लोगों की भीड़ महाविद्यालय परिसर में उतारी गई थी, जिनका मकसद दो प्राध्यापकों को जान से मारना था। यह कोई सामान्य विवाद नहीं बल्कि पूरी तरह से रची गई साजिश थी, जिसमें कॉलेज जैसे शैक्षणिक स्थल को ही हिंसा का अखाड़ा बना दिया गया। डॉ. कर्ष ने प्रभारी प्राचार्य बर्मन पर यह भी आरोप लगाया है कि पूर्व में घटना के दौरान महाविद्यालय के सीसीटीवी कैमरों को बंद करके किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने की बात भी कही गई है ताकि किसी भी प्रकार का साक्ष्य सामने न आ सके। इतना ही नहीं उन्हें जान से मारने की खुली धमकी दी गई और अंदर ही अंदर उन्हें झूठे मामलों में फंसाने की साजिश रची जा रही है।



**जान को खतरा सुरक्षा और कार्रवाई की मांग से बढ़ा दबाव**

प्रार्थी ने अपनी जान को खतरा बताते हुए पुलिस प्रशासन से सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि प्रभारी प्राचार्य द्वारा किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दिया जा सकता है जिससे उनकी जान को गंभीर खतरा है।

मेरे द्वारा दोनों शिक्षकों को आपस में बैठाकर समझाइश दी गई है। वे आपसी सामंजस्य स्थापित करें तथा कॉलेज को प्रेमपूर्ण व्यवहार के साथ संचालित करें।

**तपस्विनी रुद्र कुमार मेहर**
**जनभागीदारी अध्यक्ष**

आरोप निराधार हैं। वर्तमान में वार्षिक परीक्षाएं संचालित हो रही हैं, जिनकी उत्तर पुस्तिकाओं के संबंध में कर्ष से चर्चा हुई थी। अब कर्ष सर ने किस मानसिकता से मेरे विरुद्ध थाने में शिकायत की है, इसकी मुझे जानकारी नहीं है।

**प्रो चरणदास बर्मन प्रभारी प्राचार्य**

## प्रशिक्षण महाभियान में शामिल हुए जिलाध्यक्ष

**पुसौर।** जुटमिल चक्रधर नगर मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 मंडल प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र में जिला भाजपा अध्यक्ष अरुण धर दीवान शामिल हुए और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा यह महाअभियान विचार, संस्कार और संगठन सशक्तिकरण का अभियान है जो अंत्योदय के संकल्प को आगे बढ़ाता है। कार्यकर्ताओं के उत्साह और समर्पण को प्रेरणादायी बताया।




## सड़क निर्माण में गड़बड़ी का आरोप, जांच की मांग



**पुसौर।** पुसौर जनपद क्षेत्र में मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत बन रहे सड़क की जांच की मांग को लेकर हंगामा खड़ा हो गया है। चूंकि ग्रामीणों द्वारा रोड निर्माण में अनियमितता बरती जा रही है जिसके लिए क्षेत्रीय कांग्रेस नेता भुवनेश्वर साहू ने कलेक्टर को पत्र लिखा है जिसमें आरोप लगाया है कि पुसौर क्षेत्र में कई गांव के पहुंच मार्गों में मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण किया जा रहा है।

जिसमें गुणवत्ता स्टीमेट एवं नियमित अनुपात के विरुद्ध मनमाने ढंग से उक्त विभाग द्वारा कार्य किया गया है। आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत भवन नावापाली से नावापाली बीच बस्ती तक स्वीकृत रोड को उक्त विभाग द्वारा पंचायत भवन से पूर्व मिनकेतन गुप्ता के घर से प्रारंभ किया गया और पंचायत भवन से 20 मीटर बाद तक रोड को समाप्त कर दिया गया। इसी गांव में ही मड़ई टीकरा में रोड बनाया गया है जो कि आगे कोई गांव नहीं बल्कि खेत है। योजना के मुताबिक गांव से गांव जोड़ने वाली योजना का दुरूपयोग हुआ है। अनियमितता की कडी में बाराडोली से रायपाली तक 600 मीटर बने रोड में ज्यादातर पतला बालू उपयोग किया गया है वहाँ रोड की मोटाई और चौड़ाई मापदंड के प्रतिकुल है जिस कारण रोड की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि यह कार्य विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से किया गया है जिससे सरकारी धन का दुरूपयोग हुआ है। भुवनेश्वर साहू ने कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर उपरोक्त निर्माण कार्यों की जांच कराकर अन्य विभागों के अधिकारियों से कराने का कष्ट करें ताकि शासन-प्रशासन के प्रति लोगों का भरोसा यथोचित बना रहे।




